Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 103 | मंगलवार, 15 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह ने फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

# कहा- हमने स्वदेशी तकनीकों को विकसित किया और अपनाया

**नई दिल्ली।**

अमित शाह द्वारा राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार न्यायालयों के लिए न्यायिक प्राइमर ₹अनफोल्डिंग फोरेंसिक₹ का भी शुभारंभ किया गया

भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में 14 अप्रैल, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित 2 दिवसीय अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन (एआईएफएसएस) का उद्घाटन किया। इसका विषय 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका' था । माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, भारत के सर्वोच्च



न्यायालय के न्यायाधीश; आर वेंकटरमण, भारत के अटॉर्नी-जनरल; माननीय न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम; अध्यक्ष एनएचआरसी; मनन कुमार मिश्रा, अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ इंडिया और गोविंद मोहन, केंद्रीय गृह सचिव ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार न्यायिक प्राइमर ₹अनफोल्डिंग फोरेंसिक्स₹ और 'ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंसेज समिट 2025 की कार्यवाही' का भी शुभारंभ किया।

### बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जटिल मामलों में फोरेंसिक विश्लेषण के लिए एक विश्वसनीय संस्थान बन गया है और देश की फोरेंसिक प्रयोगशालाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए एक केंद्र के रूप में भी विकसित हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री, डिप्लोमा, पीएचडी और शोध पाठ्यक्रमों सहित कई तरह के कार्यक्रम प्रदान करता है।

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ₹ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंस हैकाथॉन₹ और ₹इंटर-कैंपस हिंदी प्रतियोगिता₹ के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी व्यवस्था स्थापित की गई है, जिसमें न तो आरोपी और न ही शिकायतकर्ता के साथ अन्याय होता है। इस संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान को आपराधिक न्याय प्रक्रिया में एकीकृत करना आवश्यक है। श्री शाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 2009 और 2020 में उठाए गए कदम न केवल कुशल पेशेवरों का निर्माण कर रहे हैं

## हिसार में पीएम मोदी बोले

# कहा- गरीबों से होने वाली लूट वक्फ कानून के बाद होगी बंद

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक का वायरस फैला रही है। वक्फ कानून पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की देन है जिसे मुसलमान का नुकसान हुआ था।

वक्त कानून के नाम पर गरीबों से लूट की गई जो अब नए कानून के जरिए बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के हिसार में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने पहुंचे हैं जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक का वायरस फैला रही है। वक्फ कानून पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की देन है जिसे मुसलमान का नुकसान हुआ था। वक्त कानून के नाम पर गरीबों से लूट की गई जो अब नए कानून के जरिए बंद हो जाएगी।

# कर्नाटक में ट्रकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान, लोगों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**बेंगलुरु।**



कर्नाटक में ट्रक मालिकों के संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी, टोल शुल्क में वृद्धि और आरटीओ अधिकारियों द्वारा कथित उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार आधी रात से ये हड़ताल शुरू होगी।


ट्रक मालिकों के एलान के बाद से लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कर्नाटक राज्य लॉरी मालिकों और एजेंटों के संघ (ऋडङरछडअअ) और कर्नाटक माल ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। वहीं, इस हड़ताल का राज्य और क्षेत्रीय संघों से मिलकर बनी मोटर परिवहन ऑपरेटरों की शीर्ष संस्था अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। ट्रक मालिकों के राज्यव्यापी हड़ताल के ऐलान से कई आवश्यक सेवाओं के बाधित होने की संभावना है। हड़ताल के कारण सोमवार आधी रात से छह लाख ट्रक और लॉरियों के सड़क से नदारद होने की उम्मीद है। दरअसल, ट्रक मालिकों ने सरकार को उनकी मांगों को पूरा करने के लिए 14 अप्रैल तक की समयसीमा दी थी, जिसमें डीजल की कीमतों में कमी शामिल है। सरकार द्वारा उनकी चिंताओं का समाधान करने में विफल रहने के कारण, संघों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है।

### घरेलू मांग में सुधार और महंगाई घटने से खपत बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** सरकार के प्रयासों और कई सकारात्मक घटनाक्रमों की वजह से देश की घरेलू मांग में सुधार के संकेत दिखाई दे रहे हैं। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में रबी फसलों के बेहतर उत्पादन एवं महंगाई में नरमी से खपत यानी उपभोग मांग में और वृद्धि की संभावना है। क्रिसिल ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा, कुल मिलाकर टैरिफ वार के कारण उपजी वैश्विक अनिश्चितता के बीच ये कारक घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने में मदद करेंगे। जहां तक मांग में सुधार की बात है, तो इसमें विनिर्माण क्षेत्र में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के बेहतर प्रदर्शन का प्रमुख योगदान रहा है। दूसरी छमाही में विनिर्माण आईआईपी में मजबूत वृद्धि ने पेट्रोलियम उत्पादों, मशीनरी और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने में मदद की है।

### ममता बनर्जी की दंगाइयों को चेतावनी- कोई भी हों



**कोलकाता।** ममता बनर्जी ने कहा कि 'धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है। इंसानों से प्यार करना किसी भी धर्म की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं, तो लड़ाई क्यों?' पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। अब सीएम ममता बनर्जी का सब्र भी लग रहा है कि जवाब दे रहा है।

# भारत-चीन के बीच सीधी फ्लाइट फिर से शुरू करने की पहल

**नई दिल्ली।**

साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को दूर करने और इस हिंसक संघर्ष के पांच साल बाद द्विपक्षीय रिश्तों में सुधार के लिए एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। इसी के तहत दोनों देशों ने सीधी यात्री हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए एक दौर की बातचीत की है, लेकिन



अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। सीमा संघर्ष के पांच साल बाद संबंधों में सुधार के प्रयासों के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों ने जनवरी में व्यापार और आर्थिक मतभेदों को सुलझाने पर काम करने पर सहमति जताई थी। इस कदम से दोनों देशों के विमानन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, विशेष रूप से चीन के विमानन क्षेत्र को क्योंकि यह कोविड महामारी से उबरने में अन्य देशों के मुकाबले अभी पीछे है। नागरिक उड्डयन सचिव वी. वुअलनम ने नई दिल्ली में इंडियन चैंबर आफ कामर्स द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा, "नागरिक उड्डयन मंत्रालय और चीन में हमारे समकक्ष के बीच एक दौर की बैठक हुई है।"

### टैरिफ वार और गहराने से बढ़ेगा जोखिम

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैश ने दावा किया कि व्यापार युद्ध और वैश्विक मंदी के डर के कारण इस साल के अंत तक सोने की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,500 डॉलर प्रति औंस और भारत में 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं। लगातार नए रिकॉर्ड बना रही सोने की कीमतें व्यापार युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस साल के अंत तक 4,500 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच सकती हैं। यह मौजूदा भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस से करीब 38 फीसदी अधिक है। यह दावा गोल्डमैन सैश ने किया है। वहीं, कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने की कीमत इस साल के अंत तक 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच सकती है।

# सीएम आज करेंगे भीमनगरी समारोह का उद्घाटन

**आगरा।**

मंगलवार शाम 6 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भीमनगरी का उद्घाटन करेंगे। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-11 में भीमनगरी आयोजन के लिए 15 से 17 अप्रैल तक दोपहर 2 बजे से यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। आवास विकास कॉलोनी में सेक्टर-11 को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

सड़कें नीली रोशनी से जगमगा रही हैं। जगह-जगह स्वागत द्वार व मंच सजे हैं। मौका है भीमनगरी समारोह का। मंगलवार शाम 6 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भीमनगरी का उद्घाटन करेंगे। सोमवार को भीमनगरी



में डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती पर केक काटा गया। उधर, शाम को काजीपाड़ा से प्रसिद्ध शोभायात्रा निकाली गई। 18 अप्रैल तक भीमनगरी समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अध्यक्ष विजय सिंह कर्दम और महासचिव ई.महेश चंद्र के अनुसार 15 अप्रैल को उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक आयोजन होंगे। आगरा के प्रभारी व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी आएंगे। 16 अप्रैल को बौद्ध रीति से दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह होगा। इसमें अनुसूचित व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण शामिल होंगे। 17 अप्रैल को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के बुजुर्गों का अभिनंदन होगा। 18 अप्रैल को समापन और 2026 के लिए भीमनगरी की घोषणा होगी। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-11 में भीमनगरी आयोजन के लिए 15 से 17 अप्रैल तक दोपहर 2 बजे से यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा के पास जमीन पर सेना का होगा नियंत्रण




**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मैक्सिको सीमा के पास की जमीन सेना को सौंपने का आदेश दिया है, जिससे सेना अवैध प्रवासियों को हिरासत में ले सकेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि सेना का उपयोग आंतरिक सुरक्षा कानून के खिलाफ है, इसलिए इस आदेश को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको सीमा के पास की जमीन को सेना के नियंत्रण में देने का आदेश दिया है। यह जमीन अब रक्षा मंत्रालय के अधीन होगी और इसे आर्मी बेस का हिस्सा माना जाएगा।

इस कदम से सेना को अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार मिलेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। देश का कानून कहता है कि सेना को घरेलू कानून व्यवस्था बनाए रखने में नहीं लगाया जा सकता। लेकिन ट्रंप प्रशासन का कहना है कि अगर कोई जमीन सेना के बेस का हिस्सा बना दी जाए, तो ससेना वहां सुरक्षा का काम कर सकती है। यही वजह है कि यह इलाका अब सेना का अड्डा घोषित किया गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम कानूनी रूप से चुनौती का सामना कर सकता है। ब्रेनन सेंटर फॉर जस्टिस की एलिजाबेथ गोटिन ने कहा, अगर सेना वहां सिर्फ कानून लागू करने के लिए है, तो यह अवैध हो सकता है। सेना का मुख्य मकसद सीमा सुरक्षा और प्रवासियों को रोकना लग रहा है, जो कि कानून के खिलाफ है।

# अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में शक्तिशाली भूकंप, सड़कों पर पत्थर गिरे



**नई दिल्ली।**

अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में शक्तिशाली भूकंप आने की खबर है। सैन डिएगो के पास धरती कांपी और भूकंप के तगड़े झटके लगे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अमेरिका में भूकंप के तगड़े झटकों के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में सड़कों पर पत्थर गिरने की खबर है।

सैन डिएगो के बाहर ग्रामीण सड़कों पर पत्थरों के गिरने के अलावा लोगों के घरों के भीतर भी दहशत फैल गई। अलमारियों में रखे सामानों के अलावा दीवारों के हिलने से लोग सहम गए। अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल, किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (वरत्रङ्ख) के मुताबिक सैन डिएगो के पास स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.08 बजे भूकंप के झटके लगे। यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र सैन डिएगो काउंटी में था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 5.2 तीव्रता के भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए। सैन डिएगो काउंटी के पहाड़ी शहर जूलियन में भी भूकंप के झटके लगे। यहां की आबादी करीब 1500 है। स्थानीय निवासी पॉल नेल्सन ने बताया कि घर की खिड़कियां हिल रही थीं।

## संपादक की कलम से

# आनंद की संतुष्टि में



ललित शर्मा
संपादक

आनंदित राज्य की तस्वीर में हिमाचल का नाम अगर शिखर पर है, तो इस सुखद संयोग का जिक्र सियासत में क्यों भिन्न है। एक सर्वेक्षण ने समाज की स्थिति, जीवन की गुणवत्ता, आर्थिक स्थिरता, बेहतर पर्यावरण और सांस्कृतिक समृद्धि के फलक पर हिमाचल को हैप्पीएस्ट स्टेट घोषित कर दिया है। यह उपलब्धि सामुदायिक भाव में राज्य की शक्ति और निरंतर तरक्की का आधार बनी, तो विश्लेषण यह भी होना चाहिए कि इस आनंद की संतुष्टि में हमारी व्यवस्था व समाज की जवाबदेही है क्या। एक प्रसन्न राज्य की मुद्रा में आत्मसंतुष्टि के भाव का नकारात्मक पक्ष भी हो सकता है, जहां नागरिक ख्वाहिशें केवल सार्वजनिक बजट से हासिल होने की गारंटी बन सकती हैं। राज्य में आनंदित माहौल पैदा करने का श्रेय सरकारों को भी है, क्योंकि यहां हर वर्ष कर मुक्त बजट की बैसाखी पहने हम कर्ज के दलदल में चलने को हरदम तैयार रहते हैं। सवाल यह कि नागरिक का आनंद राज्य को हैप्पीएस्ट बना रहा है या हम सब आनंद के महासागर में राज्य की किश्ती पर सवार हैं। जो भी हो आनंद की भूल भुलैया में हम नागरिक समाज, राज्य की व्यवस्था और सियासी चरित्र की ऐसी पहचान बना रहे हैं, जो कल हमसे हिसाब लेगी। मानव संसाधन का विकास राज्य में उपलब्ध रोजगार के अनुरूप नहीं है या सरकारी नौकरी के परिधान में हमने अपनी आर्थिक चादर छोटी कर ली है, इस जिरह को जरेब बनाने के बजाय हमारी बहस के मंसूबे सरकारों को चुनावी घमासान में प्रताड़ित कर रहे हैं। यह आनंद समाज की जागरूकता से आ रहा है, तो प्रशंसा के इसी चक्र में हर चुनाव में हिमाचल नया जन्म लेता है। कसौटियां जीतने की सत्ता का दोहराव नहीं करतीं, बल्कि विपक्ष को नई सरकार का द्वार खोलकर सारी फितरत बदल देतीं। ऐसे में आनंद की रेवडि ?ां बांटते-बांटते यह शहर न तुम्हारा रहा -न हमारा रहा, हम फायदों की गलियों में तुम्हें रौंदते निकल जाएंगे। हमें बिजली बिल की शर्त नहीं चाहिए और न ही किसी सरकारी शुल्क की हरारत है। हमें सरकारें आनंदित कर रही हैं या हम खुश हैं, ये बात हमारे चेहरे पे नहीं, सिर्फ रिकार्ड में पढ़ी जाएगी। हिमाचल के रिकार्ड अच्छे हैं, क्योंकि जनता प्रगति के निजी पथ पर साहसिक और प्रतिस्पर्धा के हर मोड़ पर दिलेर है।

हम उपभोक्तावाद के नैन नक्श में एक ऐसी संस्कृति बन गए हैं, जहां 70 लाख की आबादी के कदम न खेती, न पशु पालन और न ही मेहनत-मजदूरी में अपने हाथ खराब करते हैं। हम बीबीएन में मैन्युफैक्चरिंग करते हुए सारा रोजगार प्रवासी ठेकेदारों के हिसाब से कर रहे हैं, तो सुबह की खरीददारी में आधा-पौना हिमाचल बाहरी राज्यों के दूध, पनीर और ब्रेड के इंतजार में बाजार को भर देता है। हिमाचली उपभोक्ता पड़ोसी राज्यों के किसान, पशुपालक, व्यापारी, गायक, रीयल एस्टेट मालिक को आनंद से मालामाल कर देता है। हम खुश हैं क्योंकि हमारे मेले, समारोह, उत्सव तथा सरकारी समारोह हमें आनंद की अनुभूति देते हैं। हमारे सरकारी मंच भी नाटी करते हैं और जनता भी खुश होती है कि उसके नेता नाटी में आनंद का चरित्र निभाते हैं। हमारे नेताओं के भाषण हमेशा हमें ढांढस बंधाते हैं कि विकास में पैसों की कमी नहीं होगी और हम खींचते-खींचते गांव के स्कूल भवन में ही कालेज ले आते हैं।

## मोनिका डागा



### मेरे नैन

कविता

गुपचुप करते वो सारी बतिया,
जगाते भी जो पूरी ही रतिया,
मौन की भाषा ही बोलते हैं,
राज दिल के सारे खोलते हैं ।

अपनों की चिंता में हो जाते बेचैन,
रात–दिन थके–हारे अश्रुपूरित नैन,
चिंतित हो बहुत कुछ सोचते हैं,
खत्म हुए ₹आनंद₹ को खोजते हैं ।

दर्द छुपाना इनको आता ही नहीं,
कशमकश अन्तर्मन की हॉ यहीं,
टुटे दिल के तारों को टटोलते हैं,
अन्तर्मन को बेहद कचोटते है ।

एकटक आस लगाएं तकते ये राह,
अश्रु छलकाते निकलती जब आह,
टुटे हुए रिश्तों के अक्स से जोड़ते हैं,
बीती यादों की तरफ ये मोड़ते हैं ।

ख्वाब दिखा मीलों ले जाते ये दूर,
थम न पाते सपने जब हो जाते चूर,
साथी बन दिल का दर्द बॉटते हैं,
परछाइयों से मन को यूँ बॉधते हैं ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में सांस्कृतिक संगठनों को भी निभानी होगी विशेष भूमिका

प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं।

साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी। प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे। समय के साथ साथ धनाडय वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सहृदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्ल, ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्ल, ह्लसर्वे भवंतु सुखिनःह्ल का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। ह्लव्यक्ति से समष्टिह्ल की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है। वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूँ, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाय। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है। संघ ने न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम किया है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है। इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है परंतु संघ इसे अपनी उपलब्धि बिल्कुल नहीं मानता है बल्कि संघ के लिए तो शताब्दी वर्ष भी जैसे स्थापना वर्ष है और उसी उत्साह से अपने कार्य को विस्तार तथा सुदृढीकृत करते हुए आगे बढ़ने की बात कर रहा है। संघ का अपनी 100 वर्षों की स्थापना सम्बंधी उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने का विचार नहीं है बल्कि इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे आत्मचिंतन करें, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करें एवं राष्ट्र के लिए समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें। शताब्दी वर्ष में समस्त स्वयंसेवकों से अधिक सावधानी, गुणवत्ता एवं व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेने हेतु आग्रह किया जा रहा है।

> आज संघ कामना कर रहा है कि पूरे विश्व में निवास कर रहे प्राणी शांति के साथ अपना जीवन यापन करें एवं विश्व में लड़ाई झगड़े का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अत: हिंदू सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलाव, इस धरा पर निवास कर रहे समस्त प्राणियों के हित में है। इस संदर्भ में आज हिंदू सनातन संस्कृति को किसी भी प्रकार का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब तो विकसित देशों द्वारा की जा रही रिसर्च में भी इस प्रकार के तथ्य उभर कर सामने आ रहे हैं कि भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है और यह हिंदू सनातन संस्कृति के अनुपालन से ही सम्भव हो सका है। अत: आज विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में ही फैलाने की आवश्यकता है। परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भी संघ की स्थापना के समय कहा था कि संघ कोई नया कार्य शुरू नहीं कर रहा है, बल्कि कई शताब्दियों से चले आ रहे काम को आगे बढ़ा रहा है। संघ का यह स्पष्ट मत है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अत: हमारा कर्तव्य है कि सभी प्रकार के भेदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरण पूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिशिष्ठ परिवार, स्व बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का निर्माण करें एवं इसके आधार पर समाज के सब प्रश्नों का समाधान, चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्जीवन खड़ा करें। संघ का यह भी स्पष्ट मत है कि हिंदुत्व की रक्षा और उसका सशक्तिकरण ही विश्व में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। 99 वर्षों की साधना के बाद संघ का प्रभाव देश में स्पष्ट रूप से दिख रहा है, और राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। राष्ट्रीयता, स्व–पहचान, स्वदेशी भावना और हिंदू संस्कृति को ऊर्जा के स्त्रोतों के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं।


# कला सशक्त माध्यम है दुनिया को खूबसूरत बनाने का



ललित गर्ग

कला जीवन को रचनात्मक, सृजनात्मक, नवीन और आनंदमय बनाने की साधना है। कला के बिना जीवन का आनंद फीका अधूरा है। कला केवल एक भौतिक वस्तु नहीं है जिसे कोई बनाता है बल्कि यह एक भावना है जो कलाकारों और उन लोगों को खुशी और आनंद देती है जो इसकी गहराई को समझते हैं। कला अति सूक्ष्म, संवेदनशील और कोमल है, जो अपनी गति के साथ मस्तिष्क को भी कोमल और सूक्ष्म बना देती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके पीछे एक कला छिपी होती है। कला का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। इसी महत्व के लिये विश्व कला दिवस विभिन्न कलाओं का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है, जिसे दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कला संघ (आईएए) द्वारा घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय कला संघ की 17वीं आम सभा में 15 अप्रैल को इस दिवस को घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका पहला समारोह 2012 में आयोजित किया गया था। इस प्रस्ताव को तुर्की के बेदरी बैकम ने प्रायोजित किया और मैक्सिको की रोजा मारिया बुरीलो वेलास्को, फ्रांस की ऐनी पौरनी, चीन के लियू दावेई, साइप्रस के क्रिस्टोस सिमेयोनिडेस, स्वीडन के एंडर्स लिडेन, जापान के कान इरी, स्लोवाकिया के पावेल क्राल, मॉरीशस के देव चूरामुन और नॉर्वे की हिल्डे रोगनस्कॉग ने सह -हस्ताक्षर किए।

विश्व कला दिवस की 2025 की थीम है ह्यअभिव्यक्ति का उद्यानः कला के माध्यम से समुदाय का विकास करनाह्य। इस थीम का उद्देश्य कला के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। दुनिया भर के कलाकारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों और उनकी कला को सुरक्षित, संरक्षित एवं सवंर्धित करना और उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। कला दिवस विश्व में विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कलाकार कविता, पेंटिंग, मूर्तिकला, नृत्य, संगीत जैसे विभिन्न भौतिक साधनों के माध्यम से अपने विचारों, रचनात्मकता, ज्ञान, भावनाओं और कल्पना का आदान-प्रदान करते हैं। यह दिन हमें अपने आस-पास की प्रकृति में गोता लगाने, उसकी सुंदरता का निरीक्षण करने और अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने को प्रेरित करता है। इसके माध्यम से जीवन की खूबसूरती को उकेरने एवं मोहक दुनिया का सृजन करने का प्रयत्न किया जाता है।



विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है। विंची एक महान कलाकार थे। उन्होंने कई ऐसी पेंटिंग बनाई हैं, जो विश्वभर में प्रसिद्ध हुई हैं। इन सब में ह्यमोना लिसा की पेंटिंगह्ल के बारे में बच्चे-बच्चे को पता है। लेकिन, विंची ने मोना लिसा के अलावा भी कई विख्यात पेंटिंग बनाई हैं, जिनमें से कुछ हैं - लास्ट सपर, सेल्फ पोट्रेट, द वर्जिन ऑफ द रॉक्स, हेड ऑफ अ वुमेन आदि। उनकी बनाई गई पेंटिंग्स आज भी दुनियाभर के म्यूजियम में रखी हुई हैं, जिन्हें देखने हर साल कई लाख लोग आते हैं। दुनिया में कला के विविध रंग बिखरे हैं, कई अद्भुत आर्ट फॉर्म्स प्रचलित है। पॉप आर्ट एक खास तरह का आर्ट फॉर्म है, जो सदियों से लोगों का पसंदीदा रहा है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटिंग को एक कल्पना के तहत बनाया जाता है।

इसमें पेंटिंग्स के पारंपरिक तरीकों का प्रयोग किया जाता है। कंटेम्परी आर्ट का सीधा मतलब है, ऐसा आर्ट जो हाल के समय में बनाया गया हो। इस तरह के आर्ट में हाल में हुई घटनाओं पर फोकस किया जाता है। कई लोग मानते हैं कि कंटेम्परी आर्ट और मॉडर्न आर्ट एक ही हैं। मगर ऐसा नहीं है, कंटेम्परी आर्ट के उलट मॉडर्न आर्ट के पेंटिंग्स में पारंपरिक तरीकों को फॉलो नहीं किया जाता है।

इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटर्स को छूट होती है, अपनी कल्पना के तहत पेंटिंग्स बनाने की।

# डॉ भीमराव अम्बेंडकर ने दलितों, महिलाओं एवं वंचितों के आत्मसम्मान की रक्षा का संविधान बनाया

वेलकम इंडिया



**झांसी।** डॉ बी आर अंबेडकर समिति बड़ागांव द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निमार्ता 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती पर बैंड बाजे के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने नगर भ्रमण अंबेडकर पार्क से मजपटिया मलयाना, तकियापुरा, चंद्रपुरा, बाजार से होते हुए जगह-जगह फूल बरसाकर एवं जलपान की व्यवस्था चौराहे चौराहे पर की गई। अंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब अमर रहे के नारे के साथ उत्साह पूर्वक जयंती मनाई गई तथा बाबा साहेब के संविधान की रक्षा करने को संकल्पित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश अहिरवार ने की मुख्य अतिथि बबीना विधायक राजीव सिंह पारीक्षा एवं पूर्व विधायक कृष्णपाल सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुख्खन देवी व पूज्य भंते कुमार कश्यप महाथेरे रहें। भारतीय संविधान के निमार्ता 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर विचार गोष्ठी करते हुए अध्यक्ष कमलेश अहिरवार ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ऐसे समाज का सपना देखा था, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान न हो। वहीं बबीना विधायक राजीव सिंह पारीक्षा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की प्रासंगिकता बढ़ी है, उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। ह्यशिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करोह्न का नारा दिया। पूर्व विधायक कृष्णपाल सिंह राजपूत ने कहा कि वह एक सामाजिक क्रांतिकारी थे, उन्होंने जीवनभर छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में हिस्सा लिया। उन्होंने दलितों, महिलाओं और वंचितों को आत्मसम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अनेक आंदोलन चलाए।नगर पंचायत अध्यक्ष पुख्खन देवी ने कहा कि अरे उन्हें किसी भी हालत में संविधान को बदलने नहीं दिया जायेगा।इस अवसर पर राजीव रिछारिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अशोक अहिरवार, अवधेश रावण, कैलाश श्रीवास, मनोहर लाल डी आर ओ, राजेश, जसोदी लाल कुशवाहा, हरिश्चंद्र, देवेंद्र राय, जमुना प्रसाद, मेहरबान सहित आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। जिसका संचालन अशोक अहिरवार ने किया एवं आभार व्यक्त समिति सचिव मेहरबान ने किया।

# भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** अंजनी माता मन्दिर, शिव परिवार कालौनी, पंचवटी में भगवान चित्रगुप्त जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर आयोजक रानी-लखन लाल सक्सेना, अंजनी कुमार सक्सेना, चित्रांश सक्सेना, आनन्द सक्सेना द्वारा 20 अप्रैल तक 7 दिवसीय कथाव्यास श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री चरखारी के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा कार्यक्रम में डॉ प्रभाकर खरे, प्रशान्त सक्सेना, आनन्द कुमार सक्सेना, प्रदीप श्रीवास्तव, एड अजय कुमार सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, असीम भटनागर, शत्रुघ्न सिन्हा, अवध बिहारी श्रीवास्तव, एड शरद निगम, एड देवेश श्रीवास्तव, डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अतुल सिंन्हा, एड अविनाश सक्सेना, एड अतुलेश सक्सेना, आर सी श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, साकेत सक्सेना, अंजनी सक्सेना, विनय वर्मा, प्रदीप वर्मा, सज्जाद श्रीवास्तव, पंकज सक्सेना, एड सलीम श्रीवास्तव, आनन्द मोहन सक्सेना, एड शशांक श्रीवास्तव, मोहन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# गुड़गांव में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** क्षेत्र के भाजपा नेता एवं विकासखंड परिसर में मौजूदा ब्लॉक प्रमुख की पौत्री ने पंद्रह किलोग्राम जुडो कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र की होनहार छात्रा ने अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि से परिजनों में हर्ष का माहौल है।

विकास खण्ड कांधला के ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पुत्र गुड्डू मलिक की पुत्री अद्रिका मलिक जनपद के सेंट फ्रांसिस स्कूल की कक्षा छह की छात्रा है। स्कूल में शिक्षण के दौरान वह जूडो कराटे भी सीखती है।जिसके चलते स्कूल ने गुडगांव में आयोजित होने वाली करङ्कञ्च इंटरनेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए नाम भेजा था।उक्त प्रतियोगिता में भारत के साथ - साथ नेपाल, भूटान, श्रीलंका आदि देशों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें उनकी पौत्री अद्रिका मलिक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराते हुए गोल्ड मैडल जीता है। अद्रिका मलिक के गोल्ड मैडल जीतने से उसके परिजनों के साथ - साथ ग्रामीणों में खुशी की लहर है। छात्रा के द्वारा अपने गांव के साथ - साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है।

# दामाद ने ससुरालयों पर लगाया मारपीट का आरोप, शिकायत कर कार्वाई की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे की बिजली घर मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपने ससुराल के कई लोगों पर उसे जबरदस्ती उठा कर ले जाने व विरोध करने पर मारपीट कर उसकी पत्नी को अपने साथ ले जाने सहित झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी सावेज पुत्र महबूब ने बताया कि उसकी शादी 22 जून 2022 को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव कुल्हेडी निवासी एक युवती के साथ हुई थी। आरोप है कि थोड़े दिन बाद से ही उसकी पत्नी उसे मायके में घर जमाई रहने के लिए मजबूर करने लगी कई बार उसकी पत्नी ने आत्महत्या करने का प्रयास किया और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसने की भी धमकी दे। आरोप है कि गत दिवस रविवार को उसकी पत्नी ने अपने मायके से आधा दर्जन से भी अधिक लोगों को बुला लिया और पीड़ित के साथ उसके ससुरालियों ने मारपीट करते हुए जबरदस्ती उसे ले जाने लगे जब उसने शोर मचाया और परिवार के लोग छुड़ाने के लिए आए तो आरोपियों उनके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसके ससुराल वाले पीड़ित सहित उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित थाने पर शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# चौधरी ईशम सिंह की अगुवाई में घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद चौधरी ईशम सिंह की अगुवाई में घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई नजीबाबाद विधानसभा के नांगल मंडल ग्राम हरेवली के बूथ संख्या 89,सिकरौडा बूथ नं 91,92 पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अभियान गांव चलो अभियान के अंतर्गत शीर्ष नेतृत्व दी गई जिम्मेदारी के अन्तर्गत चौधरी ईशम सिंह के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी नांगल मंडल के राजपुर नवादा शक्ति केंद्र के गांव हरेवाली राजपुर नवादा सिकरौदा में घर-घर दस्तक देकर राज्य व केंद्र सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए पत्रक वितरित किए चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि देश की गरीब जनता को मुफ्त राशन, पीएम आवास योजना के अंतर्गत घर, शौचालय, आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर, सौभाग्य योजना के अंतर्गत बिजली जैसी सुविधाएं बगैर किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों को दी जा रही है हमारी सरकार विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है।

# बाबा साहब के संविधान से बने बुंदेलखंड राज्य - कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह

वेलकम इंडिया



**झांसी!** भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर बुंदेलखंड क्रांति दल के कार्यकताओं ने कचहरी चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने किया।इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर पूरे देश के नेता हैं। उन्होंने भारत को ऐसा संविधान दिया, जिसने हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत सरकार को बाबा साहब द्वारा प्रदत्त संविधान का उपयोग करते हुए बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुंदेलखंड की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पृथक राज्य ही इस क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समस्याओं का स्थायी समाधान है।

# अलग-अलग ईंट भट्ठे से दो किशोरी फरार अभियोग पंजीकृत

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना रोड स्थित अलग-अलग दो ईट भट्ठे से परिवार के साथ पथेर का कार्य करने गई वाली दो किशोरी अलग-अलग अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गई पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए अपहरण कर ले जाने का अभियोग पंजीकृत कराया है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे की नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह कैराना मार्ग स्थित पूर्व प्रधान अय्यूब के ईंट भट्ठे पर परिवार के साथ पथैर का कार्य करता है। पीड़ित का आरोप है कि ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले बिहार राज्य के जिला पूर्णिया निवासी सुबोध और दीवाना उसकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ उसका अपहरण कर ले गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध किशोरी का अपहरण कर ले जाने का अभियोग दर्ज कर किशोरी वह आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी और कैराना रोड पर स्थित अरशद के ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले गांव आल्दी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि कई दिन पूर्व उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी मिंटू उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गया पुलिस ने अभियोग दर्ज कर किशोरी सहित आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# हरिजन चौपाल में मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

वेलकम इंडिया



**कांधला।** मोहसीन रहमानी नगर की हरिजन चौपाल मे बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनायी गयी। बाबा साहेब ने दलित समाज के उत्थान के लिए दिन-रात संघर्ष किया।बाबा साहेब के सघर्ष एव परिश्रमो को का परिणाम यह है कि आज समाज के सभी वर्ग समानता के साथ रहते हैं।सर्व प्रथम चौपाल में पहुंचे सभी वर्गों के लोगों ने मां सरस्वती देवी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प समर्पित किए। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए।कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान दलित नेता किरणपाल ने बाबा भीमराव अंबेडकर के संघर्ष और त्याग के बारे में बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में सभी वर्गों को सम्मान दिया है।उन्होंने दोनों हाथों से संविधान लिखा एवं दलितों को सम्मान दिलाने के लिए छुआछूत जैसी प्रथा को खत्म किया।

# बाबा साहब की जयंती पर जनपद में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी, 14 अप्रैल।** संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर लखीमपुर खीरी में श्रद्धा, सम्मान और संकल्प का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सोमवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर डॉ. आम्बेडकर की विचारधारा को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्यजन ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह सिर्फ कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का आधार है। हमें उनके सपनों का भारत बनाना है जहाँ हर वर्ग को समान अवसर मिले, और कोई भी भेदभाव का शिकार न हो।

# लखीमपुर खीरी में अंबेडकर जयंती पर विशेष कार्यक्रम: महिलाओं को साड़ी-सूट बांटे, मंदिर और मस्जिद के लिए दान दिया

वेलकम इंडिया



लखीमपुर खीरी के विधान सभा 137 पलिया कला स्थित कमलापुरी गांव में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। रेहान खान ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने कार्यक्रम में जरूरतमंद महिलाओं को करीब एक हजार साड़ी-सूट का वितरण किया। इसके अलावा, कमलापुरी में बन रहे संत रविदास मंदिर के लिए 1.01 लाख रुपये की राशि मंदिर प्रबंध समिति को सौंपी। गांव की मस्जिद के पेश इमाम के आवास निर्माण के लिए 21 हजार रुपये की मदद भी की। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ए.के. अवस्थी ने कहा कि वे संत रविदास जी के सच्चे भक्त हैं। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए कहा कि पैरों में जूता होना जरूरी नहीं, लेकिन हाथ में किताब होना बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया रेहान खान ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए संतों के पदचिन्हों पर चलना जरूरी है। उन्होंने बाबा साहब, संत रविदास और पेरियार जैसे महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में डॉक्टर अजीम खान, डॉक्टर आई.पी. सिंह, प्रधान गुरबाज सिंह, पूर्व प्रधान रवि प्रताप सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा का बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी देने का ट्रैक रिकॉर्ड अद्भुत : प्रधानमंत्री

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 2014 से पहले हरियाणा में सरकारी नौकरियों की क्या हालत थी यह किसी से छुपा नहीं है और कांग्रेस की इस बीमारी का इलाज हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने बखूबी किया है। बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने का ट्रैक रिकॉर्ड हरियाणा का अद्भुत है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि उन्हें विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा में ऐसी साथी सरकार मिली है।



प्रधानमंत्री सोमवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार पर हवाई सेवाओं का शुभारंभ व टर्मिनल-2 का शिलान्यास करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि नायब सरकार ने अपने पहले कार्यभार संभालने के दौरान ही एक साथ 25000 योग्य युवाओं को सरकारी रोजगार से जोडते हुए पारदर्शिता का सार्थक कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी की सरकार आने वाले वर्षों में भी हजारों नई नौकरियों का रोड मैप बनाकर चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा वह प्रदेश है जहां युवा सेवा में जाकर देश की सीमाओं की रक्षा करता है लेकिन कांग्रेस सरकार ने वन रैंक वन पेंशन मामले में देश के साथ धोखा करने का काम किया था। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद पूरे देश में वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा के वन रैंक वन पेंशन के तहत 13500 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा और हरियाणा की मिट्टी की खुशबू इसी प्रकार दुनिया भर में महक बिखेरती रहेगी। मुख्य मंच पर पहुंचने पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ण रूप से हरियाणवी शैली में जनसमूह से सीधा संवाद किया। उन्होंने हरियाणवी बोली में कहा- म्हारै हरियाणा के धाकड़ लोगां नै राम-राम, ठाढ़े जवान, ठाढ़े खिलाड़ी, ठाढा भाईचारा-यो सै हरियाणा की पहचान। यह सुनकर पूरे पांडाल ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत तालियां बजाकर किया। उन्होंने हरियाणा के धाकड़ लोगों को राम-राम करते हुए लावणी के अति व्यस्त समय में भारी जनसंख्या में आने के लिए सभी का धन्यवाद भी व्यक्त किया।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब अंबेडकर की134वीं जयंती



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा /क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र शैलेश पाण्डेय एवं कार्यकताओं द्वारा विधानसभा पिंडरा में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

देशभर में आज भारत रत्न डा०. भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती मनाई जा रही है इसी क्रम में आज वाराणसी के पिंडरा विधानसभा के मण्डल पिंडरा के शक्तिकेन्द्र पिंडरा में बूथ नम्बर 201 राजेतारा स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला महामंत्री भाजपा डा० जयप्रकाश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिंडरा मनीष पाठक, पूर्व संयोजक पिंडरा विधानसभा अजय उदल, मंडल अध्यक्ष भाजपा पिंडरा सुनील दत्त वर्मा, प्रताप सोनकर, संतोष मिश्र, मनोज सिंह व विशाल सोनकर उपस्थित रहें।

# बंदी के बाद भी चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बिक रही शराब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** .जहांगीराबाद अमरगढ़ चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की सुबह से अवैध शराब की बिक्री वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शराब माफिया शराब दुकान से शराब पेटी बाइक पर रखकर खेत पर बेच रहा था जानकारी अनुसार चौकी से चंद कदमों की दुरी पर शराब युवक खेत में बेच रहा था। सोशल मीडिया पर शराब बिक्री वीडियो वायरल हुई है 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती को लेकर शासन प्रशासन ने ही शराब के ठेके को बंद करवाया था लेकिन अमरगढ़ म शासन प्रशासन के आदेशों को पलिता लगाने का काम किया जा

शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है शराब बेचने वाला युवक कह रहा है की पुलिस से सेटिंग करके ही शराब बेच रही है युवक कह रहा है कि आज के लिए स्पेशल सेटिंग की है वायरल वीडियो में देसी शराब की दारू ?100 से लेकर ?150 तक बेच जा रही है जब इस संबंध में आबकारी निरीक्षक से फोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई तो संपर्क नहीं हो सका।

# समाजवादी भारत बाबा साहब का सपना: डॉ. अमित

वेलकम इंडिया /मोहम्मद कैफ

**जौनपुर।** समाजवादी मजदूर सभा, जौनपुर की तरफ से कलेक्ट्रेट के सामने अर्जुन भवन में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती पर स्वाभिमान स्वमान समारोह का आयोजन किया गया। बाबा साहब के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। संविधान के प्रति कृतज्ञता जताते हुए सबने बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव डा. अमित यादव ने कहा की बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से पीडीए समाज को स्वाभिमान और सम्मान के साथ जीने का हक दिया। संविधान ही पीडीए का संजीवनी हैं। आज भाजपा की बुरी नजर संविधान पर हैं। भाजपा और उनके संघी साथियों ने सदैव बाबा साहब का अपमान किया और उनके संविधान को कमजोर किया। श्री यादव ने कहा कि बाबा साहब की जयंती से एक दिन पूर्व इलाहाबाद में गेहूं का बोझ ढोने से इंकार करने पर दलित मजदूर को जिंदा जलाने की घटना से स्पष्ट हैं कि आज भी सामंतवाद जिंदा हैं। समाजवादी विचारधारा ही सामंतवाद का समूल विनाश करेगी। आगे अमित यादव ने कहा जैसे बाबा साहब ने संविधान बनते समय उन लोगों के साथ भी कोई भेदभाव नहीं किया जिन लोगों उनके आजीवन उनके साथ भेदभाव किया था वैसे ही पीडीए किसी के साथ कोई अन्याय नहीं करेगा बल्कि वंचित कमजोर को स्वाभिमान और स्वमान के साथ जीने का अधिकार देगा। समारोह को प्रदेश सचिव समाजवादी मजदूर सभा साहब लाल गौतम, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डॉ शबनम नाज एवं अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इलाहाबाद में दलित मजदूर की मौत पर एक मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा और संचालन जिला महासचिव मंजय कन्नौजिया ने किया। आखिर में समाजवादी मजदूर सभा के सभी कार्यकर्ता पद यात्रा कर बाबा अमर रहें और बाबा साहब के सम्मान में समाजवादी मैदान में के नारों के साथ अंबेडकर तिराहे पर पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सोनी यादव, सादिक अली, राजीव यादव राजू, मनीष शर्मा, अजय यादव, बीरेंद्र यादव, विशाल कन्नौजिया, रामशंकर चौहान, आकाश यादव, सिद्धार्थ यादव, सदानंद, और कुलदीप यादव मोनू मौजूद रहे।

# माँ आद्या कात्यायनी काली मंदिर में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** माँ आद्या कात्यायनी काली मंदिर मोदीनगर में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप बोस ने बताया कि आज मंदिर में विश्व शांति, परिवार की शांति व उन्नति के लिए महायज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं व पुरषों ने इस धार्मिक आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस धार्मिक आयोजन में 56 भोग का भी किया गया साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मंजू शिवाच, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश सिंघल, पवन सिंघल ,पंडित रामआसर शर्मा, विनोद गोस्वामी ,अशोक ओझा, मनोज शर्मा, अमित गुप्ता, साधन मित्रा, अमोल, मेहराम चंदेला, नितिन मित्तल आदि उपस्थित रहे ।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज के प्रांगण में देश के संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई



वेलकम इंडिया

**प्रिंस कुमार राणा बुलंदशहर .ऊंचागांव** : अमरगढ़ स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा बाबा साहाब के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष का स्मरण किया। उहोंने राष्ट्र निर्माण में बाबा साहाब के योगदान को रेखांकित किया। छात्र छात्राओं को उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के बाद समस्त शिक्षक स्टाफ द्वारा कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं को पेन देकर प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्र छात्राओं ने संविधान समानता और समाजिक न्याय पर अपने विचार रखे। भारत के प्रथम कानून मंत्री और संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर को विशेष श्रंद्धाजलि दी गई विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने विद्यालय परिसर में वृक्षरोपण भी किया प्रधानाचार्य ने अपने समस्त स्टाफ से विद्यालय परिसर में एक-एक वृक्ष लगवाया प्रधानाचार्य ने बताया कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष से भरा हुआ था। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छूआछूत, असमानता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना और स्वयं इसके उदाहरण बने।

# बाईक व कार की टक्कर में बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नगीना / रायपुर।** बाईक व कार की टक्कर में बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये , घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।घटनाक्रम के अनुसार सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम रायपुर सादात निवासी नौशाद अहमद पुत्र खुशनुद 47 वर्ष व शकील 57 वर्ष पुत्र जमीर अहमद सोमवार की सुबह को एक ही बाईक पर सवार होकर अपने गांव से ग्राम हरगनपुर जा रहे थे जब वह रायपुर मार्ग स्थित ग्राम भोगला व शादीपुर के बीच जा रहे थे तभी अचानक पीछे से आ रही है एक और चालक ने नियंत्रित होकर बाईक को टक्कर जिसमें दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। घटना से परिजनों को हराम मचा है।

# टाण्डा में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** संविधान निमार्ता, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। तहसील सभागार और नगर पालिका कार्यालय, विभिन्न संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के योगदान को याद किया गया।

नगरपालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार व अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लेखा लिपिक शुभम भारती, सभासद एम सगीर, महमूद नायक सहित अरुण कुमार, मुस्तजाब सुदेश, दिनेश, नरेश, इकबाल, फारूक हुसैन अक्खू, राजकुमार और अंकित आदि उपस्थि रहे। वहीं तहसील सभागार में एसडीएम कुमार गौरव की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, नायब



तहसीलदार अमित कुमार सहित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी एवं अर्ध सरकारी संस्थानों और कार्यालयों में भी अम्बेडकर जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

# प्रेस मान्यता नवीनीकरण में हरियाणा सरकार बनाए सरल नीति: नैशनल प्रेस क्लब

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नैशनल प्रेस क्लब, हिसार की ओर से हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग को एक ज्ञापन सौंपा गया। क्लब के अध्यक्ष महेश महता के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में वर्ष 2025 के लिए प्रेस मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल और व्यवहारिक बनाने की जोरदार मांग की गई। ज्ञापन में क्लब की ओर से यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि



हरियाणा सरकार द्वारा नवीनीकरण के लिए डीएवीपी का प्रमाण-पत्र अनिवार्य करने की बात कही जा रही है, जबकि यह तथ्य उल्लेखनीय है कि डीएवीपी स्वयं भी चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) द्वारा प्रमाणित प्रसार प्रमाण-पत्र को मान्य मानता है। ऐसे में हरियाणा सरकार को भी इसे पूर्व की भांति स्वीकार करना चाहिए ताकि लघु समाचार पत्र और वर्षों से सक्रिय पत्रकारों को अनावश्यक बाधाओं का सामना न करना पड़े। महेश महता ने प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया कि हरियाणा सरकार के नए नियम यदि लागू किए भी जाएं तो वे केवल नए यानी फ्रेश प्रेस मान्यता के आवेदनकताओं पर लागू हों, न कि उन पत्रकारों पर जो वर्षों से राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त हैं और जिनके प्रेस कार्ड नियमित रूप से जारी होते आए हैं। प्रेस मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और व्यवहारिक बनाया जाए। डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त सीए सर्टिफिकेट को हरियाणा सरकार भी मान्यता दे। पुराने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को विशेष राहत दी जाए और नए नियम केवल नए आवेदकों पर लागू किए जाएं। वर्ष 2025 के लिए सभी पुराने मान्यता प्राप्त पत्रकारों का शीघ्र नवीनीकरण किया जाए।

# डीएम प्रेरणा शर्मा ने डा॰ बी आर अंबेडकर की 134वीं जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में दीप प्रज्वलित कर चित्र पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डा॰ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा भारत रत्न डा॰ बीआर अंबेडकर भारतीय संविधान के रचयिता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।

उसके उपरांत एकेपी की छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। और जिला अधिकारी ने एकेपी की छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए अपने विचार व्यक्त कर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। बताया कि बाबा साहब के द्वारा समाज के हित में महिलाओं की उन्नति के लिए भी बहुत कार्य किये,एवं समाज में सभी को समानता,शिक्षा दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया।इसके उपरांत अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार, उप जिला अधिकारी मनोज कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील कुमार त्यागी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके उपरांत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा जनपद में आई नई एंबुलेंस को भी कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सात बर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सात बर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्ञान प्रकाश लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय मौर्य, पार्षद खलीलपुर रचित गुप्ता, पार्षद पस्तौर राम सिंह पाल, एडिशनल डायरेक्टर हेल्थ डॉक्टर साधना अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉक्टर पवन कपाही, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता तथा अर्बन हेल्थ कॉर्डिनेटर अकबर हुसैन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वन्य एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वन्य एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसी योजनाएं गरीबों तथा जरूरतमंदों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। क्योंकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के द्वारा मरीजों को अपने घर के आस पास वह सारी सुविधाएं मिल रही है जो कि आम आदमी को बड़े बड़े अस्पतालों में घंटों लाइन लगाकर भी नहीं मिल पाती है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में विभिन्न सुविधाएं जैसे टेलीमेडिसिन सेवाएं जिससे मरीज घर बैठें डॉक्टर परामर्श ले रहे है, योग और स्वास्थ्य सत्र जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते है, मातृ और शिशु सेवाएं जो गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए आवश्यक है, परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं गैर संचारी रोगों का प्रबंधन एवं उपचार आदि सुविधाएं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दी जा रही है। इन आरोग्य मंदिरों का निर्माण इसी उद्देश्य से किया गया है कि आम जनमानस को अच्छी सुविधाएं मिले और उन्हे परेशानी से बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में टीबी ग्रस्त रोगियों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया एवं नव विवाहित जोड़ों को शगुन किट का वितरण किया गया एवं शगुन किट के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। ताकि वे अपने नवजीवन की शुरूआत खुशहाल रूप से कर सके। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, श्रवण कुमार, सरस्वती, रजनी, रामलाली, मीता गुप्ता, सविता, नीरज, छाया, आदि उपस्थित रहे।

# बागपत नगर में 25 अप्रैल को होगा श्रीश्याम जी के तीसरे विशाल संकीर्तन का भव्य आयोजन


**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत नगर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में 25 अप्रैल 2025 को सोनीपत धाम के प्रधान राकेश मित्तल के सानिध्य में श्री श्याम जी के तीसरे विशाल संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। संकीर्तन के निवेदक श्री खाटूश्याम हरि कीर्तन मण्ड़ल बागपत की और से प्रकाश चौधरी ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह 8 बजे से ठाकुर द्वारा मन्दिर बागपत से भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई उत्सव स्थल पर पहुँचेगी। संकीर्तन में श्री श्याम का भव्य दरबार, छप्पन भोग, अखण्ड़ ज्योति, इत्र व पुष्प वर्षा व श्याम रसोई मुख्य आर्कषण का केन्द्र होगी। श्री श्याम संकीर्तन में बॉलीबुड़ सिंगर व सारेगामापा विनर मुम्बई सुमित सैनी, श्री अयोध्या धाम की बंकू सिस्टर्स, पंजाब के तेजी ब्रदर्स, अश्विनी यादव व शिवम इन्टरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। प्रसिद्ध मंच संचालक मास्टर श्री भगवान दीक्षित द्वारा मंच का संचालन किया जायेगा। विभिन्न टीवी चैनलो व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर संकीर्तन का लाईव प्रसारण किया जायेगा।

खाटूश्याम हरि कीर्तन मण्ड़ल बागपत ने श्रद्धालुओं से संकीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने और धर्मलाभ लेने का आहवान किया।

# हापुड़ एसडीएम श्रीमती इला प्रकाश ने संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए तीन गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़**/सरकार के द्वारा जिले में गेहूं के भंडारण हेतु स्थापित किए गए गेहूं क्रय केंद्रों का हापुड़ एस॰डी॰एम॰ श्रीमती इला प्रकाश के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें तीन गेहूॅ क्रय केन-?द्र बन-?द पाये गये। बन-?द पाये गये केन-?द्र प्रभारियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु प्रस-?तावित किया गया है ।बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गेहूं के भंडारण हेतु बहुत बड़े स्तर पर गेहूं खरीद क्रय केंद्र स्थापित किए हुए हैं। लेकिन गेहूं क्रय केंद्र संचालित करने वाले प्रभारी के द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर लापरवाही बढ़ती जा रही है। जिले में कई गेहूं क्रिया केदो पर ताले लटके पाए जा रहे हैं। जिसका उदाहरण हापुड़ एस॰डी॰एम॰ श्रीमती इला प्रकाश के निरीक्षण में खुलकर सामने आया है। जहां निरीक्षण के दौरान तीन गेहूं क्रय केंद्र बन्द पाए गए हैं। जिसमें एसडीम श्रीमती इला प्रकाश ने तीनों क्रय केन्द्रों के प्रभारियों पर शिकंजा करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मंदिर की आठवीं वर्षगांठ का हुआ उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मंदिर की 8वीं वर्षगांठ का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि सभासद अवधेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया ।इसके बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से लोगों को अवकाश होने के बावजूद चिकित्सीय सुविधा व निः शुल्क दवाएं मिलने लगी हैं ।यह उत्तरप्रदेश सरकार की योजना है ।जिसका नगरीय क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिल रहा है। आगे कहा कि लोग स्वस्थ रहेंगे,निरोगित रहेंगे तो समाज व देश की तरक्की में अपना बहुमूल्य योगदान देसकेंगे ।प्रभारी चिकित्सा धिकारी डाक्टर एसपी पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 67मरीजों की जांचकरने के साथ ही 21लोगों के विभिन्न प्रकार की खून की जांच कर उनमें निःशुल्क दवायें भी वितरित की गयी ।इस दौरान बुखार,खांसी,

ब्लड प्रेशर,ब्लड की भी जांच की गयी ।जांच के बाद उनमें निःशुल्क दवायें भी वितरित की गई है ।आगे बताया कि इस मौसम में उबले व साफ पानी का सेवन करते रहें ।इस समय वाइरल फीवर,खांसी,सर्दी,जुकाम, खुजली,सुगर,फोड़े फुंसी के मरीज आरहे हैं ।बच्चों में फीवर,दस्त,छोटी छोटी फुंसी,खांसी की भी शिकायत आरही है। साथ हीसुगर, ब्लडप्रेशर,सर्वाइकल, न्यूरो से सम्बंधित मरीज भी आरहे हैं ।जिनका मर्ज के हिसाब से इलाज किया जारहा है ।बाकी सीएचसी खलीलाबाद के लिये भेज दिया जाता है ।आगे बताया कि बासी खाने से बचें ।हरी सब्जी सलाद का सेवन अवश्य करें ।अपनेआस पास गन्दगी के साथ ही पानी इक्ट्ठा न होने दें ।सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।खान पान सही रखें ।जेएनएम शालिनी पांडेय ने बताया कि महिलाओं में ब्लड प्रेशर,सुगर,ज्यादातर लिकोरिया, कमर दर्द,पीरियड,प्रेग्नेंसी दर्द आदि बीमारियों के मरीज आरहे हैं ।ऐसे मरीज इससे बचाव करने के लिये साफ सफाई रखें,नियमित जांच कराते रहें ।समय से दवाई का सेवन करते रहें ।लैबटेक्नीशियन शिवनन्दन ने बताया कि चिकित्सालय में लगभग17प्रकार की ब्लड के जांच की सुविधा उपलब्ध है ।सुगर,कफ आदि की जांच की जाती है ।रविवार को कुल 21मरीजो के ब्लड के सेम्पल लेकर जांच की गयी ।चीफ फार्मासिस्ट एसपी यादव ने बताया कि अस्पताल में सभी दवाएं उपलब्ध हैं ।जो मरीजों की जांच के बाद चिकित्सक की सलाह पर मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की जाती हैं।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंजय सिंह के नेतृत्व में भारत रत्न डा0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किए गए अर्पित मनाई



**हापुड़**/ भारत रत्न भारतीय संविधान के रचयिता नौ भाषाओं के ज्ञाता डा0 भीमराव अंबेडकर की जयंतीश्के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणो के साथ डॉ0 भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धा–सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और उनकी नीतियों एवं विचारों का स्मरण कर, उन्हें हृदय पूर्वक नमन किया गया।

# कर्णवास में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती



**वेलकम इंडिया**

**डिबाई/बुलंदशहर/** विधानसभा क्षेत्र डिबाई के गांव कर्णवास में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूम धाम से बनाई गई मुख्य अतिथि रहे विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बाबा साहब के जीवन के संघर्ष के बारे में लोगों को बताया 14 अप्रैल के दिन को पूरा देश सविंधान के रचियता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के रूप में मनाता है. अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में हुआ था. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले. इसी बीच युवा मंगल दल अध्यक्ष सौरभ अंबेडकर ने बताया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है. सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामाजिक गैरबराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर करती हैं शाम को गांव के मुख्य मार्गो पर ढोला निकाला गया लोगों ने पुष्पवर्षा की कार्यक्रम का संचालन सौरभ अंबेडकर द्वारा किया कार्यक्रम में विधायक श्री चंद्रपाल सिंह मुख्य अतिथि रहे भूप्रकाश बजाज ,सौरभ कुमार युवा मंगल दल अध्यक्ष दिनेशचंद्र योगेश सिंह अनिल कुमार पंकज बघेल ओमप्रकाश अशोक कुमार रवि कुमार चंदशेखर मुकेश मास्टर आलोक कुमार आदि युवाओं सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर मे धूम धाम से निकाली गई शोभा यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती अंबेडकर समिति के तत्वाधान में सोमवार को कस्बा शाहजहांपुर में धूमधाम से मनाई गई ।मोहल्ला अंबेडकर नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर सुबह 8 बजे से ही राजनैतिक,सामाजिक तथा बाबा साहब के अनुयायियों के द्वारा माल्यार्पण का सिलसिला जारी रहा ।माल्यार्पण करने वालों मे मुख्य रूप से पूर्व चेयरपर्सन तबारक उल्ला खान, डॉक्टर यूसुफ खान, डॉक्टर जफर उल्ला खान,अनुज नागर किठौर मंडल अध्यक्ष,भाजपा नेता तारिक खान, मुमताज आलम एडवोकेट, यूनुस खान ,विकास सभा सद,जय भगवान,धन सिंह, बालेश्वर,राज कपूर एडवोकेट, मनोज कुमार, पूर्व प्रधान राकेश कुमार, मनोज कंसल,वासिक पठान रहे ।तत्पश्चात विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ अम्बेडकर कमेटी तथा कस्बे के गणमान्य लोगों ने किया,यात्रा का मार्गदर्शन गंगा शरण ने किया,यात्रा के दौरान भाजपा नेता तारिक खान,समाज सेवी जाकिर खान,पवन कंसल, चेयरमैन वसी उर्र रहमान,व सैनी समाज के द्वारा जलपान तथा फल वितरण कर यात्रा का स्वागत किया गया ।यात्रा की शुरूआत महल वाला रोड अंबेडकर नगर से होकर मेरठ गढ़ रोड स्थित सैनी मोहल्ला पहोचकर गढ़ रोड से झंडा चौक. टंकी मोहल्ला, नूर सराय, होली चौक, मोहल्ला अहेरियन.होते हुए भाजपा नेता तारिक खान के एफ बी बैंकट हाल पर पहोची,समूचे कस्बे में भ्रमण के उपरान्त यात्रा का समापन अम्बेडकर नगर मे हुआ ।यात्रा के दौरान चौकी इंचार्ज शाहजहांपुर देवेंद्र गौतम, एस आईं अनिल मौर्य, एस आईं हिर्देश गंगवार,भारी पुलिस बल के साथ यात्रा की निगरानी करते रहे ।इस दौरान प्रेमचंद, टीटू प्रताप, अरुण प्रताप, राजेश कुमार, गंगा प्रकाश, देवराज सिंह, मास्टर धर्मपाल, धन सिंह, संतराम सिंह, जय भगवान, फैसल खान,अभय शंकर, आदि हजारो की संख्या मे लोग यात्रा में शामिल रहे।

# अंबेकर जयंती पर ब्लॉक प्रमुख ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर**/सोमवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव मामऊं में अम्बेडकर जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। वही अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में अंबेडकर सामुदायिक भवन में एक कक्ष तथा एक हाई मास्क लाइट तथा शीतल जल के लिए आरो की सौगात दी है। जिसका शिकारपुर भाजपा ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। साथ ही बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण की उधर ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया है तथा उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की जमकर सराहना की गई। ब्लॉक ने कहा कि विश्वरत्न विश्व भूषण भारतरत्न महाविद्वान महानायक अर्थशास्त्री महान इतिहास कार भारत संविधान निमार्ता तेजस्वी क्रांतिसूर्य महान युगपुरुष करोड़ों शोषितों वंचितों पीड़ितों दलितों और महिलाओं के मसीहा एवं मुक्तिदाता महा मानव भारत के संविधान निमार्ता भारतरत्न बोधिसत्व परमपूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 134 वें, जन्मोत्सव पर आज 14 अप्रैल पर उन्हें सभी ने सादर कोटि-कोटि नमन किया है। उधर बाबा साहब की प्रतिमा पर भाजपा जिला महामंत्री संजय चौधरी एवं रालोद नेता चौधरी नरेश प्रधान ने माला अर्पण कर उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और संविधान निमार्ता को बताया देश का महानायक उन्होंने हर वर्ग के लिए संविधान बनाया उसी से आज देश चलता है ।इस अवसर पर वीरपाल सिंह गजराज सिंह सतपाल सिंह श्रीपाल सिंह बौद्ध सतीश कुमार नीरज कुमार लोकेश बीडीसी धर्मेंद्र कुमार निगम इंद्रपाल सिंह बलवीर सिंह फौजी प्रेमवीर सिंह जय किशोर बीके सिंह देवीदास सोनू जीतन बंटी चौधरी दिनेश शर्मा श्यामवीर कश्यप आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डॉ अंबेडकर के विचारों को आम जनमानस के मध्य प्रसारित कर जयंती मनाई गई



**वेलकम इंडिया**

**नैनी प्रयागराज**/भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया जन चेतना यात्रा निकालकर डॉ अंबेडकर के विचारों को प्रसारित करते हुए 138वां जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया। पार्षद मयंक यादव ने कहा कि डॉ अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर चलने का अपील कि डॉ अंबेडकर ऐसे शख्स थे जिन्होंने जातिवाद का भेदभाव मिटाने का प्रयास किया और हमारे देश के संविधान के रचयिता भी हैं। काशी प्रांत अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने समाज को शिक्षा,संगठन और संघर्ष का नारा दिया अंबेडकर चाहते थे कि देश में जाति न रहे-इंसान रहे उन्होंने एक ऐसा संविधान तैयार किया जिसमें सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार मिला। संजय श्रीवास्तव महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि देश के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 138वीं जयंती पर 'बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

# माता पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, महिला की मौत, बच्ची समेत 5 गंभीर रूप से घायल



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध धाम माता पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की एक कार सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसा पीलीभीत के घुंघचाई-बंडा हाईवे पर स्थित गुलरिया भूप सिंह गांव के निकट प्राथमिक विद्यालय के पास की है, जहां पर कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और पलट गई। दुर्घटना में एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक पांच वर्षीय बच्ची भी शामिल है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तुरंत घायलों को बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ, जब श्रद्धालु माता पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर अपने घर वापस लौट रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक वह चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। हाईवे से फिसलकर कार पुलिया से जा टकराई और पलट गई। हादसे में मौके पर ही शाहजहांपुर के पुवायां ग्राम पुरैना निवासी 50 वर्षीय उषा देवी की मौत हो गई, उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि 28 वर्षीय अमित पुत्र विजय सिंह वर्मा, 25 वर्षीय नीतू पत्नी अमित, 5 वर्षीय अनामिका पुत्री अमित, हरदोई के माधवगंज ग्राम सैलापुर निवासी सुमन पत्नी डॉ. राजन और एक अन्य श्रद्धालु गंभीर रुप से घायल हो गए। जांच में सामने आया है कि हादसे का मुख्य कारण वाहन की तेज रफ्तार और ड्राइवर का नियंत्रण खोना था। सभी घायल श्रद्धालु एक ही परिवार से संबंधित बताए जा रहे हैं और तीर्थ यात्रा के बाद अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# वो इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास भूल जाते हैं : डॉ भीमराव अंबेडकर



**वेलकम इंडिया :नितिन शर्मा**

**हल्दौर :** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर में भारतीय संविधान के निमार्ता, महान दार्शनिक ,भारत रत्न एवं शिक्षाविद डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षो उल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने अंबेडकर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।उसके उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य और समस्त स्टाफ ने पुष्प अर्पित किए। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने बताया की अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महु नगर सैनिक छावनी में हुआ था। राम जी मालो जी सकपाल और भीमाबाई की 14वी व अंतिम संतान थे ।उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और वह वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गांव के निवासी थे ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक गरीब परिवार से थे और बचपन में उन्हें जातिवाद व भेदभाव का गहरा अनुभव हुआ लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कठिन संघर्षों के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की और अपने ज्ञान से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में डॉ सूर्य प्रताप, डॉ लक्ष्य कुमार, सौरभ वर्मा, रूबी शर्मा, गीतांशु चौधरी, गजेंद्र, मोनिका कश्यप, हर्षिका चंद्रा बबीता व पूरन उपस्थित रहे।

# डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर की मनाई गई जयन्ती



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर :** बाबा साहब भीमराव रामजी अम्बेडकर धर्मशाला स्योहारा रोड औरंगाबाद (धामपुर) में बाबा साहब की जयन्ती भव्यता से मनाई गई। बाबा साहब भीमराव रामजी अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रजलित कर पुष्पार्पण किया गया। बाबू सुधीर गोपाल ने विधि-विधान पूर्वक फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ब्रजेश कुमार टिल्लू, रविन्द्र सिंह, गेंदा सिंह , दिलावर सिंह फौजी एवं संतराम सिंह ने बाबा साहब के जीवन दर्शन को अंगीकार करने का आवाह्न किया। कार्यक्रम के दौरान फूल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह, जयराम सिंह, राजपाल सिंह , सुन्दर सिंह , प्रशान्त सिंह एवं मंगू सिंह फौजी आदि गणमान्य जन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई



**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर/** जरगवां के अंबेडकर पार्क में भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती के अवसर अंबेडकर अनुयायियों ने बाबा चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

बाबा साहब की 134वीं जयंती के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ने कहा आज दलित पिछड़े वर्ग के लोगों को जो अधिकार मिले हुए वह बाबा साहब की देन है बाबा साहब द्वारा इस समाज के संपूर्ण विकास के लिए जो कार्य किए थे उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता बाबा साहब के समय में इस देश के अंदर बहुत छुआछूत थी उस परिस्थितियों को देखते हुए बाबा साहब ने संघर्ष 32 डिग्रियां प्राप्त की थी इसलिए हमारे समाज को शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए यादव ने कहा बाबा साहब संविधान निमार्ता थे उन्होंने संविधान में सभी को अधिकार दिए हैं उस कानून के अंतर्गत आज समाज जिंदा है उनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपालसिंह गौतम ने कहां बाबा साहब की जयंती निकालने या कोई अन्य कार्य करने से समाज का भला होने वाला नहीं है उन्होंने कहा कि माताओं पिताओं को बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए शिक्षित व्यक्ति को बाबा साहब द्वारा बनाए गए कानून का पता चल सकेगा बाबा साहब ने तीन मूल मंत्र दिए थे शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो गौतम ने कहा बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलना ही दलितों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# रविदास मंदिर बागपत में धूमधाम के साथ मनायी गयी बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**वेलकम इंडिया**




**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत नगर के दिल्ली रोड़ स्थित संत रविदास मंदिर में संविधान के निमार्ता बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डाक्टर भीमराव अम्बेडकर वेलफेयर संगठन नगर बागपत के कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र के आगे पुष्पांजली अर्पित कर उनको नमन किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षा संघ बागपत की जिलाध्यक्ष मंजू रावत ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डाक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में हुआ था। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के पहले दलित व्यक्ति थे जिन्होंने विदेश जाकर पीएचडी की डिग्री प्राप्त की।? मास्टर संजीव कुमार ने कहा कि महान समाज सुधारकों में शुमार बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। रोडवेज के सीनियर अधिकारी समाजसेवी यशपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश को शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा दिया। बताया कि बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे इसीलिए उनको भारतीय संविधान का निमार्ता कहा जाता है। बाबा साहब भारत के पहले कानून मंत्री थे।? बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत वर्ष 1990 में भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश कुमार ने कहा कि भारत के इतिहास में कुछ ऐसे महान लोग हैं, जिन्होंने समाज की दिशा और दशा को पूरी तरह बदल दिया। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ऐसा ही एक नाम हैं, जिनका जीवन भारत में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को समर्पित था। कहा कि 14 अप्रैल का यह पावन दिन केवल एक व्यक्ति की जयंती नही यह एक राष्ट्रीय महोत्सव है और बाबा साहब द्वारा चलाये गये आंदोलन की याद है। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, कीर्ति रूहेला, सतवीर सिंह, प्रवीन्द्र कुमार, रूपेश, ऋतिक, टिंकू, सावन, मोहित जाटव, विशाल झंडा, अनुज, अश्विनी, हिमांशु, वंश, मनोज, सुनील दीक्षित, अमित, सितार सिंह, सुरेश कुमार, अजय, जगमेल सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# जिया स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट व शैक्षिक गोष्ठी आज



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के एआरसी पीजी कॉलेज मूडाडिहा बेग में जिया स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट मंगलवार को होगा।

उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल इंटर कॉलेज मूडाडिहा बेग के प्रधानाचार्य व आयोजक मुजीबुल्लाह ने बताया कि कुल 13 कमरों में 254 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। ये टेस्ट केवल कक्षा 10 में बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित छात्र छात्राओं के लिए है। प्रवेश पत्र परीक्षा केंद्र नेशनल इंटर कॉलेज मूंडाडीहा बेग संत कबीर नगर पर परीक्षा प्रारंभ होने से 1.30 घंटा पहले मिलेगा। 01 बजे से 03 बजे तक एक शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन अ फउ ढ ॠ कॉलेज मूंडाडीहा बेग संत कबीर नगर में होना सुनिश्चित है। दोनों कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# शिक्षा व्यक्ति को निडर व अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है: संजय द्विवेदी



**वेलकम इंडिया**

**संत कबीर नगर।** सोमवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में भारतीय संविधान के शिल्पीकार बोधिसत्व बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर (भारत रत्न) जी की 134 वीं जयंती समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान विद्यालय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम सिद्धिकी ने किया।

प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा व्यक्ति को निडर बनाती है, एकता का पाठ सिखाती है, अधिकारों के प्रति जागरूक करती है, और उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित करती है। उनका मानना था कि शिक्षा एक आंदोलन है और यदि यह अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं करती है, तो यह बेकार है। इस दौरान मोहम्मद इश्तियाक, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, मोहम्मद शाहिद, ओबेदुल्लाह, मोहम्मद यूनुस, अब्दुल सलाम, जुबेर अहमद, जुनैद अहमद, मोहम्मद परवेज अख्तर, मोहम्मद जाहिद, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महेन्द्र नाथ सिंह अध्यक्ष व डा.संजय द्विवेदी प्रदेश महामंत्री निर्वाचित

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी!** हर शब्द की अहमियत जानने वाले, ग्रामीण सच्चाइयों को आवाज देने वाले पत्रकारों ने रविवार को सिर्फ एक चुनाव नहीं, एक नई राह चुनी। वाराणसी के तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में यह महज एक संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं थी, यह उस भरोसे का उत्सव था, जो संगठन के प्रति समर्पित लोगों पर जताया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में महेंद्र नाथ सिंह को भारी मतों से जीत मिली। वे अब उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष सौरभ कुमार को 71 मतों के अंतर से हराया। रविवार को सुबह 9 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन, नाम वापसी और पर्चों की जांच के बाद दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मतदान कराया गया। कुल 310 मतों में से 254 मत पड़े। परिणामों में महेंद्र नाथ सिंह को 171 और सौरभ कुमार को 100 मत मिले। यह आंकड़े नहीं, एक संदेश थे–ईमानदारी, संघर्ष और निरंतर सेवा का प्रतिफल। संगठन के अन्य स्तंभों की भी घोषणा हुई। उपाध्यक्ष पद पर कैप्टन वीरेंद्र सिंह, रामनरेश चौहान और ओमप्रकाश द्विवेदी निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, केजी गुप्ता और नरेश पाल सिंह का चयन हुआ। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें प्रदेश सचिव बने नागेश्वर सिंह, ऑडिटर चुने गए हौसिला प्रसाद त्रिपाठी, और संगठन मंत्री बने अजय भाटिया। कार्यकारिणी में 5 सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिनमें सहयोग और संगठन के लिए समर्पित चेहरे शामिल हैं। इस ऐतिहासिक चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का श्रेय जाता है निर्वाचन अधिकारी डॉ. केएन राय और हरिद्वार राय को, जिन्होंने पूरे चुनाव को पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर प्रदेश भर के 60 जिलों से आए जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को एक आंदोलन का रूप दिया। मंडलाध्यक्ष गोरखपुर जेपी गोविंद राव, आलोक तनेजा, अतुल कपूर, विपिन शाही, वीरभद्र प्रताप सिंह, पौहारी शरण राय, शैलेन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह, पंधारी वर्मा, संजय गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, प्रवीण यादव, विजय शंकर चौबे, गुड्डू हाशमी, चंद्रप्रकाश सिंह, अनुराग जायसवाल समेत कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे।

# बरहाना में आयुष्मान आरोग मन्दिर की सातवीं वर्षगांठ पर किया शिविर का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**बुगरासी।** सोमवार 14 अप्रैल को ब्लाक स्याना के गांव बरहाना में उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात सीएचओ सुशील कुमार ने बताया कि बरहाना में मांकडी रास्ते पर स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर को सात वर्ष पूरे होने पर एक शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को समझा। उन्होंने बताया कि इस आरोग्य मन्दिर पर हमेशा की तरह ठीक-इलाज होता रहेगा। ग्रामीणों ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर तैनात सीएचओ सुशील कुमार की भूरि भूरि प्रशंसा की क्यों कि सुशील कुमार आधी आये चहे बरसात हो बगैर कभी भी ड्यूटी नही छोडते हमेशा समय पर आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आकर अपनी सेवा में जुट जाते हैं। ग्रामीणों ने सुशील कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सपा ने भारत रत्न बाबा सहाब का जन्म दिन हर्षौल्लास से मनाया

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाज सुधारक भारत रत्न डॉ भीम रावअम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती मनाई गयी। जयंती की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने की तथा संचालन वर्षा प्रधान ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा, कि आज पूरा देश संविधान निमार्ता डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती मना रहा है। जिस मनुवादी दौर में डॉ0 साहब ने पढ़ाई-लिखाई की और देश का संविधान लिखा देश के करोड़ो पिछड़े अनुसूचित जनजाति को संविधान में जगह दिलायी। जिसकी वजह से आज देश की जनता अजादी की सांस ले रही है। आज जो देश में डबल इंजन की सरकार बैठी है। वो संविधान को समाप्त करके देश पर मनु स्मृति लागू करना चाहती है। उत्तर प्रदेश सरकार में संवैधानिक पदों पर बैठे नेता पिछड़े नेताओं को जान से मारने की धमकी दिला रहे है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार करणी सेना के हाथ में तलवार-भाले व अवैध हथियार देकर देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। जयंती में हाजी अख्तर, मुकेश शर्मा, चैधरी होशियार सिंह, मुजाहिद अंसार, रनवीर अधाना, राम अवतार भईयां, ठाकुर नटवर सिंह, महेन्द्र भाटी, अमरपाल प्रधान, हेमन्त राघव, योगेश प्रधान, सतीश गौतम, विनीत राणा, जर्रार खान, राष्ट्रीय सचिव , समाजवादी पार्टी (अ. स.), चै0 चन्द्रपाल सिंह, फिरे सिंह प्रजापित, जाकिर उर्फ बबलू, प्रमोद यादव, प्रशान्त शर्मा, कासिम प्रधान, परविन्द्र यादव, प्रेमवीर यादव, महेन्द्र यादव, मुकेश यादव, नीरज यादव, नईम प्रधान, तंजीम अंसारी अजय विद्यार्थी, लोधी चरन सिंह राजपूत, तिलक चन्द लोधी, राजकुमार बघेल, राजकुमार उर्फ टीटू, चैधरी विद्या सिंह, इरफान खां, श्री देव शर्मा, अमित त्यागी, हाजी शाकिर, किरन शर्मा, यासमीन तलत उस्मानी, अतुल यादव एडवोकेट, जुगेन्द्र पोशवाल, हाजी मंजूर, जावेद चुन्नू, विजय ठाकुर, विपिन यादव, विवेक गौतम, संजय सिंह राजपूत, विरेन्द्र वाल्मीकि, उत्कर्ष गुर्जर, शाहनवाज राणा, धर्मेन्द्र जाटव, रफीक कुरैशी, अखलाक अहमद, जुवैर आलम, विनोद कुमार, जितेन्द्र जाटव, मनीष शर्मा, विनय शर्मा, सैंकी वाल्मीकि, प्रेमवीर यादव, आदिल जलिस, नबाब शाह जलाली, अफजाल सलमानी, हाफिज राशिद, राजू अल्वी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एस.आर.एम. इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव रूबरू 2025 का भव्य आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एस.आर.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्लरूबरू 2025ह्व का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता और संस्कृति का उत्सव है, बल्कि छात्रों की बहुआयामी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच भी है। समारोह की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन, प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। ह्लकॉस्मिक कार्निवलह्व थीम पर आधारित इस शानदार कार्यक्रम का उद्घाटन स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी एवं संयोजिका झ रूबरू 2025) ने ह्लसेलिब्रेट, क्रिएट, कैप्टिवेट ₹ विषय पर अपने विचार रखते हुए युवाओं को रचनात्मकता और नवाचार की ओर प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता दयाल, मेयर, नगर निगम गाज़ियाबाद ने अपने प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण में शिक्षा एवं संस्कृति के समन्वय की सराहना की और विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रोत्साहित किया। मंच पर उनके साथ डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक), डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) और डॉ. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी) भी मौजूद रहे। इन दो दिनों में कुल 41 कार्यक्रमों के जरिए छात्रों ने अपनी कला, जुनून और सोच का प्रदर्शन किया।

# मोदी कॉलेज में बाबा साहब डॉ अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी कॉलेज में डॉ अंबेडकर जी की 135वीं जयंती का भव्य आयोजन। सोमवार को डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉ अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रतिदिन के कार्यक्रम निर्धारित करते हुए गतिविधियां विद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रधानाचार्य तथा सभी शिक्षकों ने डॉक्टर अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर तेजपाल सिंह, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, जीव विज्ञान प्रवक्ता नीतू, डॉक्टर कामिनी, अखिलेश मौर्या, महानंद सिंह, तेजवीर सिंह राजीव वर्मा, धर्मवीर सिंह आदि ने डॉक्टर अंबेडकर के विषय में विस्तार से बताया समारोह का संचालन महानंद सिंह व तेजवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मंच पर वरिष्ठ महिला शिक्षिका सीमा सिंह एनसीसी सीनियर डिवीजन राजीव कुमार भी पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे आज एक प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। अंत में सभी छात्रों और शिक्षकों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बैंड टीम प्रभारी गौरव त्यागी के निर्देशन में बैंड टीम ने बैंड बजा कर उपस्थित सभी छात्र एवं शिक्षकों को मनमोहित किया इस भव्य समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सभी कार्यालय सहयोगी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डा० अम्बेडकर शिक्षा प्रचार एवं प्रसार संस्थान (रजि०) मोदीनगर के तत्वावधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेड़ ?कर की 134 वी जयंती के उपलक्ष्य में अम्बेडकर की गरिमामय प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें चैन पाल सिंह (भाजपा जिला अध्यक्ष), डॉ मंजू शिवाच (विधायक), विनोद वैशाली चेयरमैन नगर पालिका परिषद, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, स्वदेश जैन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी डायमंड, विजय वाल्मीकि, पूर्व सभासद विनोद गौतम, कृष्णपाल सिंह ओमप्रकाश सिंह, मास्टर धर्मवीर सिंह, देवपाल हरित, अनिल गौतम अभिषेक सीकरी खुर्द ने डा अम्बेडकर की गरिमामय प्रतिमा पर मालार्पण किया।

संस्थान के महासचिव ओमप्रकाश ने कहा कि अंधकार से अधिकार का मार्ग प्रशस्त करने हेतु डा अम्बेडकर ने मात्र शिक्षा को सर्वोपरि बताया तथा बहुजन समाज उत्थान व समता भारतीय संविधान मे भारतीय संविधान में प्रावधान किया। इस अवसर पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में देशराज भारती संतेन्द्र तोमर, सुरेन्द्र त्यागी, धर्म प्रकाश देव कुमार, धर्मप्रकाश आदि प्रमुख रहे।

# डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर रालोद के कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अम्बेडकर 134 वीं जयंती पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के निर्देश पर गाजियाबाद रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में बस स्टैंड मोदीनगर स्थित डॉ अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर रालोद के सभी कार्यकताओं व नेतागणों के साथ मालार्पण किया गया। तत्पश्चात ग्राम सिखेड़ा हजारी में डॉ अम्बेडकर के जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी, जिला पंचायत सदस्य रवि बाल्मीकि, डॉ पूनम गर्ग, सतेंद्र तोमर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयभगवान जीनवाल, क्षेत्रीय महासचिव अरुण कुमार भुल्लन, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, प्रोफेशनल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरुण दहिया, योगेश फफराना, रामभरोसे लाल मौर्य, नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ, सतीश राठी पूर्व जिला सदस्य, सुरेंद्र कुमार तेवतिया, पूर्व नगर अध्यक्ष ललित सैन, विधानसभा अध्यक्ष अजित सिंह खंजरपुर, युवा जिला महासचिव दीपक चौधरी, राहुल गुर्जर, कर्ण प्रधान, मूलचंद जाटव, कृष्ण चैंपियन प्रमुख, ब्रह्मपाल सिंह जाटव, हिमांशु जाटव, मुकेश सिद्धार्थ जिला सचिव अनु प्रकोष्ठ, श्रीचंद गौतम ने डॉक्टर अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम ने किया।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किए



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** कांग्रेस कार्यकताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के पर माल्यार्पण कर 134 व जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन अभिनव शर्मा पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस भिखारी लाल कश्यप प्रदीप गौड़ राकेश मऊ पवन करी दिनेश शर्मा निवाड़ी जयपाल शर्मा डबल स्टोरी अमर सिंह सेन श्री ओम शर्मा चांदवीर चौधरी चांदनी चौधरी कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बैंक और वित्तीय एजेंसियां रेपो रेट घटने पर भी नहीं करती हैं ईएमआई कम: प्रिन्स कंसल

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय व्यापारी व उपभोक्ता अपनी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंकिंग सेक्टर व अन्य वित्तीय एजेंसियों से ऋण प्राप्त करते हैं जिसका भुगतान ईएमआई के माध्यम से किया जाता है। प्रायः देखने में आता है कि जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रेपो रेट बढ़ाई जाती है तो यह एजेंसियां और बैंक अपनी इएमआई यानी लोन की किस्त को बढ़ा देते हैं। जिससे व्यापारियों व उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव बढ़ जाता है और इसका सीधा प्रभाव उनके मासिक आर्थिक चिट्ठे पर पड़ता है। शिकायत करने पर बैंक व वित्तीय एजेंसियां रेपो रेट का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। किंतु जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रेपो रेट कम किए जाता है तो यही बैंक और वित्तीय एजेंसियां इएमआई में कोई कटौती नहीं करते हैं और मनमाने ढंग से वसूली कार्यक्रम में लगे रहते हैं। शिकायत करने पर इएमआई लोन की किस्त कम करने के लिए एक लंबी प्रक्रिया बैंक व अन्य एजेंसी के द्वारा ग्राहकों को बता दी जाती है जिस प्रक्रिया को पूरा करने में उपभोक्ता व ग्राहकों को परेशानी होती है।

इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से मांग की है कि जब रेपो रेट बढ़ने पर बैंकिंग व अन्य वित्तीय एजेंसियां स्वयं ही लोन की किस्त को बढ़ा देते हैं तो रेपो रेट घटने पर भी उन्हें इमानदारी के साथ इएमआई को कम कर देना चाहिए।

## बारात लाने पर दूल्हे को दी गोली मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** बारात लाने पर दूल्हे को गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। निवाड़ी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि बहन की शादी हापुड़ निवासी युवक से तय हुई है। 18 अप्रैल को बारात आएगी। आरोप है कि गांव निवासी साहिद और जावेद ने दूल्हे को फोन कर कहा कि जिससे तुम्हारी शादी तय हुई है, वह मेरे साथ फरार होने वाली है। आरोपी ने धमकी दी है कि यदि बारात लेकर आए तो गोली मारकर हत्या कर दी जाएगी।

## अरिस्टो किड्स द्वारा प्रतिभा खोज एवं गणितीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप पब्लिक स्कूल में अरिस्टो किड्स के तत्वावधान में रविवार शाम को प्रतिभा खोज एवं गणितीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर और करनाल जैसे विभिन्न शहरों से लगभग 300 होनहार छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में मानसिक गणना और तार्किक सोच पर आधारित अबैकस एवं वैदिक गणित चैंपियनशिप का शानदार आयोजन हुआ, जहाँ बच्चों ने अपने गणनात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया।

# प्रेस क्लब खुलने की संभावनाओं को मिला बल, दर्जन भर पत्रकार संगठनों ने संयुक्त पत्रकार मंच को दिया समर्थन

**वेलकम इंडिया**

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** मेरठ प्रेस क्लब में आज संयुक्त पत्रकार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें मेरठ के प्रमुख पत्रकार संगठनों ने प्रेस क्लब के मुद्दे पर संयुक्त पत्रकार मंच की कार्य समिति में अपनी निष्ठा दिखाते हुए अपना समर्थन दिया। जिससे मेरठ में प्रेस क्लब खुलने की संभावनाओं को और ज्यादा बल मिला है। सोमवार की बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रवि शर्मा ने की तथा बैठक का संचालन दिनेश चन्द्रा ने किया। प्रेस क्लब में हुई बैठक का आरंभ संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए किया गया। बैठक में सभी पत्रकार संगठनों के प्रमुखों ने संयुक्त पत्रकार मंच के अध्यक्ष और महामंत्री को अपने समर्थन का पत्र सौंपा। इसके साथ ही आज की बैठक में कार्यसमिति के नए सदस्यों के नामों की घोषणा भी की गई



इस अवसर पर बोलते हुए कार्यसमिति के अध्यक्ष रवि शर्मा ने कहा कि मेरठ के सभी पत्रकार और पत्रकार संगठन एकजुट है और यही मेरठ में प्रेस क्लब की वास्तविक नींव है। उन्होंने कहा जो भी लोग अभी तक संगठन से जुड़ नहीं पाए हैं उन्हें भी संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे सभी पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब और संयुक्त पत्रकार मंच के दरवाजे हमेशा खुले हैं। संगठन के महामंत्री दिनेश दिनकर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पत्रकारों तथा समाचार पत्रों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। आज के समय में पत्रकारों को जिस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए पत्रकारों का संगठित होना बहुत आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द्रा ने बताया कि संगठन की आवश्यकता को देखते हुए आज कार्य समिति का विस्तार किया गया तथा कार्य समिति में कुछ नाम और बढ़ाए गए हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी जो लोग संगठन और प्रेस क्लब मिशन में सहयोग करेंगे, उन्हें प्रेस क्लब की कार्य समिति से जोड़ा जाएगा। इन पत्रकार संगठनों ने दिया समर्थन।

# यथार्थ के सारथी ने भीमराव अंबेडकर जयंती पर क्या विशाल भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** मेरठ सोमवार को यथार्थ के सारथी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कैंट युवा टीम ने बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष में कंकर खेड़ा साधु नगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया।

आयोजन में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही त्यागी ने बाबा साहब की प्रतिमा को माला पहना कर व भोग लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सभी पदाधिकारी व संस्था सदस्यों को पटका पहना कर सम्मानित किया वह सभी उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित भी किया साथ ही युवाओं को शिक्षित संगठित और संघर्षशील होने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में मेरठ के वरिष्ठ समाजसेवी मेरठ व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जीतू नागपाल व तरुण शर्मा भी उपस्थित



रहे वह सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य किया व संस्था को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का आयोजन कैंट अध्यक्ष नितिन भारद्वाज ने अपनी टीम कैंट उपाध्यक्ष प्रथम चौहान सचिव प्रिंस कुमार के साथ में मिलकर किया जिसमें राजेंद्र जाटव, मामचंद कश्यप, सुधीर खटीक, बलराम ठाकुर, सतीश जाटव, राय साहब, सुशील कुमार यादव, नरेंद्र, बाल किशन, संजय पाल, पंकज शास्वण, माधव लोधी, अजय जाटव, राहुल जाटव, आकाश कसाना निशांत खटीक, भूपेंद्र ठाकुर, ऋतिक मित्तल, शिवम ठाकुर, गोलू जाटव, रीना ठाकुर अंजलि, अभिनव चौहान, अयांश चौहान, आदि का सहयोग रहा।

# 1944 में शहीद हुए 66 फायरमैन कर्मियों को दी फायर डिपार्टमेंट ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** 1944 में मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज में किन्ही कर्म से आग लग जाने के कारण 66 फायरमैन कमी शहीद हो गए थे उन्हीं की याद में फायर स्टेशन परतापुर में शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक जनता में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें फायर डिपार्टमेंट की तरफ से जिन बाजारों में सोसाइटियों में गांव देहात के क्षेत्र में पब्लिक का आना-जाना अधिक संख्या में रहता है और आग से वहां अप्रिय दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो सकती है उन जगहों पर जाकर जनता को जागरूक किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार की जानकारी लिखित और मौखिक रूप से दी जाएगी अग्निशमन अधिकारी परतापुर बृजमोहन सिंह ने बताया कि



1944 में जिस माल वाहक जहाज में आग लगी थी उसमें आयुध सामग्री भी मौजूद थी जिस वजह से उसमें विस्फोट हुआ और 66 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे ऐसी दुर्घटना दोबारा ना हो डिपार्टमेंट या आम आदमी को जनहानि का नुकसान ना हो इसके लिए तीन दिनों तक विभिन्न जगहों पर जाकर जनता को जागरूक किया जाएगा। श्रद्धांजलि समारोह में सर्वप्रथम अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात फायर स्टेशन के तमाम पुलिस कर्मियों ने शाहिद दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इसके बाद फायर स्टेशन परतापुर की तरफ से एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को आज जैसी दुर्घटनाओं से बचने की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी आगे बढ़े इस समझ में अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह के अलावा रतन सिंह प्रवीण कुमार लक्ष्मण सिंह इरफान नितिन जोगिंदर जितेंद्र रामगोपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों पर डाला प्रकाश

## डा. अंबेडकर ने किसी एक समाज के लिए नहीं बल्कि हर समाज की भलाई के लिए कार्य किया: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेशों के क्रम में आज जनपद में सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी भारत के संविधान के निमार्ता हैं।

हम सभी को उनकी विचारधारा, उनकी सीख को आत्मसात करना चाहिए। सभी लोग समाज व देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने किसी एक समाज के लिए नहीं बल्कि हर समाज की भलाई के लिए कार्य किया। बाबा साहेब ने महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत कार्य किया, श्रमिकों के हितों को हमेशा ध्यान में रखा। बाबा साहेब के बारे जितना कुछ कहा जाए उतना कम है, उन्हें नौ भाषाओं का ज्ञान था तो डिग्री प्राप्त करने में वे आगे रहे। बाबा साहेब एक ऐसा व्यक्तिव हैं जो सदी में एक ही होता है और सौभाग्य भारत को मिला। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब को समझने और उनके विचार को जानने की महत्ता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। उनके विचारों को आत्मसात कर भारत अच्छी दिशा की ओर अग्रसर है। बाबा साहेब की दूरदर्शिता देश के लिए बहुत कारगर साबित हो रही है। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ रहा है। बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें।

उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए व सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने बाबा साहब की जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्ते पर चल कर देश एवं समाज की तरक्की में अपना योगदान हमेशा देते रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी गंभीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम चन्द्रेश कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला वहीं अधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने गान प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

# वैशाली सेक्टर-1 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:** वैशाली सेक्टर-1 स्थित गुरुद्वारे के पास सोमवार को बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल की पार्षद निधि से कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में बेहतर सुविधा मिलेगी। इस शुभ अवसर पर समाजसेवी के. एल. शर्मा, विमला भट्ट और सरदार जसविंदर सिंह ने नारियल फोड़ कर विधिवत रूप से कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों को सम्मानित भी किया गया, जिन्हें फूल माला पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया। पार्षद कुसुम गोयल ने इस पहल को जनता के हित में बताया और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

भाजपा नेता व पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे रहवासियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। इस अवसर पर शिक्षाविद् किरण राणा, श्यामसुंदर सिंह, मंगल सिंह, दुष्यंत गौतम, मनीष दुबे, पवित्रा, मिथिलेश, मीरा सेंगर, रेनू नेगी, सुरेश, रेशमा सजवान, शालिनी, पिंकी, पार्वती, दीपा, विमला चौधरी, शंभू, लीला देवी, रामेश्वर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस विकास कार्य की सराहना करते हुए पार्षद कुसुम गोयल व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को बोंझा स्थित डॉ. आंबेडकर भवन में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सोशल फोरम ह्यूमन राइट संस्था (एसएफएचआर) और आंबेडकर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई, जबकि 22 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर की शुरूआत सोशल फोरम ह्यूमन राइट संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. राजकुमार चौहान, एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चरन सिंह और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर फिजिशियन डॉ. विनेश कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र आनंद और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा भारती ने स्वास्थ्य जांच सेवाएं दीं। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप और खून से संबंधित अन्य जांचें भी की गईं। इस कार्यक्रम में शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, इंदिरापुरम पार्षद धीरेंद्र अग्रवाल और अनिल कल्याणी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष नरेश गौतम, संरक्षक अरुण जाटव, अपर जिला मलेरिया अधिकारी नरेंद्र कुमार, एसएफएचआर के सचिव अमित पांडेय, सुमित अरोरा, पंकज सिंह, विमलेश शुक्ला, मनोज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

रक्त संग्रह करने के लिए एमएमजी अस्पताल की तरफ से काउंसलर विनोद कुमार की टीम मौजूद थी। शिविर के अंत में भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## 259 मामलों में महिलाओं का घर फिर से बसा

**गाजियाबाद।** संयुक्त अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर में बीते साल 813 मामले पहुंचे। इनमें घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 371 मामले रहे। इनमें से 259 मामलों में महिलाओं का घर फिर से बसा दिया गया। वन स्टॉप सेंटर पर परामर्श से लेकर अल्प आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। पिछले एक साल में केंद्र पर दहेज उत्पीड ? के 22, झांसा देकर शादी करने के 37 मामले सामने आए। केंद्र की प्रभारी प्रीति मलिक ने बताया कि बीएनएस की धारा 69 लागू होने के बाद झांसा देकर शादी करने सबसे ज्यादा के सात मामले मार्च में आए। उन्होंने बताया कि जिले में महिलाओं पर अत्याचार की लगभग आठ से दस शिकायतें आती हैं। इनमें सुलह कराने की कोशिश की जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ सालों में घरेलू हिंसा के मामले लगभग तीन गुना बढ़े हैं। 2016-17 में 163 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, वर्ष 2024 में 371 मामले दर्ज हुए। केंद्र पर महिलाओं को तीन महीने और एक साल तक फोन कर काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# राष्ट्रीय लोकदल ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) कार्यालय पर सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व रालोद महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने किया, जिसमें सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बाबा साहेब द्वारा समाज में समानता, शिक्षा और संविधान निर्माण के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया। गोष्ठी में रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान, प्रदेश सचिव ओ.डी. त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगराज बालियान, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामकुमार पंवार, युवा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह, युवा राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी, जिला महासचिव प्रदीप त्यागी, किशन राघव, राजेंद्र चंदेला, वरिष्ठ नेता राहुल खानपुर, हिंडन पार अध्यक्ष सुधीर तोमर, सत्यवीर सिंह, नीरज पंवार, वीरभान सिंह सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा साहेब का नाम रहेगा जैसे जोशीले नारों से माहौल को गूंजायमान कर दिया। बाबा साहेब का विचार आज भी जन-जन के मन में जीवित है और उनके सिद्धांत समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। महिला प्रकोष्ठ से दीपमाला, श्वेता सिंह, सुमन अग्रवाल, दीपा सिरोही, देवेंद्रि देवी सहित कई महिला कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# गाजियाबाद में खेलों के विकास को समर्पित अर्पित चड्ढा को अवार्ड ऑफ एक्सेलेंस




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए अवार्ड ऑफ एक्सेलेंस से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आईटीएस परिसर में आयोजित वार्षिक जीत-कुन-डो (मार्शल आर्ट्स) राष्ट्रीय चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर गाजियाबाद जनपद के प्रतिष्ठित खेल संगठनों के प्रतिनिधियों, कोचों, खिलाडियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में श्री चड्ढा को यह पुरस्कार उनके खेलों के विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण, और जनपदीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीएस-दि एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा ने की। जीत कुन डो के ग्रैंड मास्टर विवेक कौशिक भी इस विशेष अवसर पर मौजूद रहे। अर्पित चड्ढा ने पुरस्कार प्राप्त करने के उपरांत सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराने के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ढ्ढञ्जस् समूह खेलों के विकास में हर संभव सहयोग करता रहेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि अर्पित चड्ढा न केवल विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े हैं बल्कि डीडीसीए जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आईटीएस ग्रुप द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, क्रिकेट, मार्शल आर्ट्स, टेनिस बॉल क्रिकेट और बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताएँ सम्मिलित हैं, जिनमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों को न केवल पुरस्कार बल्कि स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाती है। इसके साथ ही आईटीएस ग्रुप सामाजिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहा है—चाहे वह 600 से अधिक बच्चियों को निशुल्क शिक्षा देने वाला सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल हो, जनपद कारागार में डेंटल क्लिनिक की स्थापना, या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के लिए मोबाइल क्लीनिक और शिविरों का आयोजन।

# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर घटित भयावह अग्निकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में गाजियाबाद कमिश्नरेट के अंतर्गत फायर स्टेशन वैशाली में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मेरठ परिक्षेत्र के अग्निशमन सेवा उपनिदेशक अमन शर्मा की उपस्थिति में और सभी फायर स्टेशनों पर प्रातः 8 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शोक परेड आयोजित की गई। स्मृति दिवस के साथ-साथ 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का भी आरंभ किया गया। इसी क्रम में सोमवार सुबह 11 बजे पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार ने फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन वाहनों की एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर अग्नि सुरक्षा उपायों का प्रचार-प्रसार करेगी और पम्पलेट वितरण के माध्यम से आमजन को जागरूक करेगी। इस अवसर पर अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश द्वारा गाजियाबाद अग्निशमन सेवा को उपलब्ध कराए गए अत्याधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसे अधिकारियों ने देखा और सराहा। इस आयोजन ने न केवल वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि जनमानस को आग से बचाव के प्रति सचेत करने का भी कार्य किया। पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार ने बताया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य का ध्यान अग्नि दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों की ओर आकर्षित करना और उन्हें इससे बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना है। यह देखा गया है कि लगभग 80 प्रतिशत अग्नि दुर्घटनाएं जागरूकता की कमी और लापरवाही के कारण होती हैं। ऐसे में जन-जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। हमारी यह रैली और प्रचार-प्रसार अभियान नागरिकों को सतर्क और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराध पर नकेल कसते हुए एक क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और थाना भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना भोजपुर क्षेत्र में हत्या के प्रयास और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार और नकदी भी बरामद की है।

घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय की मौजूदगी में बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना भोजपुर क्षेत्र में कुछ अपराधी लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच और थाना भोजपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से एक विशेष अभियान चलाया। फरीदनगर के कीकड जंगल क्षेत्र में पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। जैसे ही पुलिस टीम ने अपराधियों को घेरने की कोशिश की, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

# डॉ . अंबेडकर की जयंती पर गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश , गाजियाबाद में हुआ गरिमामय आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोमवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक एवं एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सदैव वंचितों की आवाज बुलंद की और संविधान में ऐसे प्रावधान सुनिश्चित किए, जिससे समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज हर वर्ग समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुका है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अंबेडकर जी ने शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया और अपने संघर्ष से यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। महापौर सुनीता दयाल ने उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बाबा साहेब के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों, युवाओं और महिलाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए और उनके अधिकारों को संरक्षित किया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर का मानना था कि पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व ही सामाजिक परिवर्तन ला सकता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह, महासचिव तरुण, कोषाध्यक्ष कृपाल सिंह और अधिवक्ता गंगाशरण बबलू के साथ-साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, नेता अशोक मोंगा, रनिता सिंह, पूनम कौशिक, पार्षद राजीव शर्मा आदि रहे।

